No. of Printed Pages : 4

**RCJ**

**2022**

# विधि – III (राजस्व एवं दाण्डिक) (तृतीय प्रश्नपत्र)

# Law - III (Revenue and Criminal) (Third Paper)

निर्धारित समय : तीन घण्टे] [ पूर्णांक : 200

**Time allowed : Three Hours]** **[Maximum Marks : 200**

नोट : अभ्यर्थी कुल छः (6) प्रश्नों के उत्तर दें, जिनमें **खण्ड 'अ'** से प्रश्न संख्या **1** तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न तथा **खण्ड 'ब'** से प्रश्न संख्या **6** तथा अन्य कोई **दो** प्रश्न हों । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।

**Note :** *Candidates should answer* ***six (6)*** *questions in all, out of which they should answer question No.* ***1*** *and any other* ***two*** *questions from* ***section 'A'*** *and question No.* ***6*** *and any other* ***two*** *questions from* ***section 'B'****. Marks carried by each question are indicated at its end.*

## खण्ड – अ / Section – A

1\. (अ) वक्फ, न्यास या विन्यास के पुनर्वासन अनुदान की रकम के निर्धारण के विधिक उपबंधों का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिये । अपने उत्तर को उत्तराखण्ड राज्य में लागू समुचित उदाहरणों से समर्थन दीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **200** शब्द) **20**

(ब) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन और भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत वादों के संज्ञान के लिए कतिपय अपवादों के अतिरिक्त सिविल प्रक्रिया संहिता में किसी बात के होते हुए भी संज्ञान नहीं होगा । समझाइये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(स) क, एक जमींदार की अपने दो पुत्रों, य और र को छोड़कर मृत्यु हो जाती है । खेवट में क का नाम हटा दिया गया और उसके स्थान पर य और र को लिख दिया । फसली वर्ष 1359 की प्रविष्टि के अनुसार प्रत्येक पुत्र का हिस्सा केवल 1/3 प्रदर्शित किया गया । क्या इस प्रविष्टि को मुआवजा निर्धारण अधिकारी द्वारा सही किया जा सकता है ? उत्तर के समर्थन में विधि का उल्लेख करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(a) Critically examine the legal provisions to determine the amount of rehabilitation grant in case of a waqf, trust or endowment. Support your answer with the suitable illustrations as applicable in Uttarakhand State. (Words limit: Maximum **200** Words)

(b) Under the UP Zamindari Abolition and Land Reforms Act, the cognizance of the suits, notwithstanding anything contained in Civil Procedure Code, shall not be taken except some exceptions. Elucidate. (Words limit : Maximum **100** Words)

(c) A, a Zamindar died surviving him two sons X and Y. In the Khewat A's name was removed and in his place X and Y were entered. Each son's share was shown only 1/3. This entry of record of 1359 Fasli year. Whether this entry can be corrected by compensation settlement officer ? Support your answer by law. (Words limit: Maximum **100** Words)

2\. (अ) जमींदार द्वारा पट्टे पर दी गई खानों पर उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन तथा भूमि सुधार अधिनियम के प्रभाव आत्यंतिक नहीं हैं, यह केवल दृष्टान्त स्वरूप में हैं । आलोचनात्मक व्याख्या कीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(ब) सामान्य नियम यह है कि भू-राजस्व की दर पूर्ववत रहेगी, जब तक कि उसमें सम्यक रूप से परिवर्तन न कर दिया जाय, परन्तु प्रत्येक वाद में भू-राजस्व के अवधारण की प्रक्रिया आवश्यक है । विधिक उपबंधों सहित परीक्षण कीजिए । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(स) जमींदारी उन्मूलन के पश्चात् जमींदारों के पास बचे अधिकार सीमित हैं, फिर भी उनके हितों को विधि ने संरक्षित किया । समीक्षा करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(a) Impact of U.P.Z.A. and L.R. Act on the mines leased out by intermediary are not absolute, these are as in illustrative. Critically examine. (Words limit: Maximum **100** Words)

(b) The general rule is that the rates of land revenue to continue until duly altered, but the procedure for determination of the land revenue is essential in every case. Examine with legal provisions. (Words limit: Maximum **100** Words)

(c) Rights retained by intermediaries on Zamindari abolition are limited, however, law has protected their interests. Comments. (Words limit: Maximum **100** Words)

3. (अ) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन तथा भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत उन आधारों की आलोचनात्मक विवेचना कीजिए, जिन पर भूमि पट्टे अथवा उप-पट्टे पर दी जा सकती है । समर्थन में उत्तराखण्ड राजस्व परिषद के निर्णयों को उद्धृत करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(ब) संक्राम्य अधिकार वाला भूमिधर शक्तिशाली है जबकि असंक्राम्य अधिकार वाला भूमिधर शक्ति विहीन है, फिर भी दोनों ही भूमिधर हैं । समीक्षा करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(स) "उन्नत कार्य" की भूमि विधि के अन्तर्गत विधिक उपबंधों सहित आलोचनात्मक व्याख्या करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(a) Critically discuss the grounds on which letting or sub-letting of land is allowed under Uttar Pradesh Zamindari Abolition and Land Reforms Act. In support, mention the decision of Uttarakhand Revenue Board. (Words limit: Maximum **100** Words)

(b) Bhumidhar with transferable rights is powerful, whereas, Bhumidhar with non-transferable rights has no power, whereas, both are Bhumidhar. Comments. (Words limit: Maximum **100** Words)

(c) Critically explain the "Improvement" with the help of legal provisions under the land law. (Words limit: Maximum **100** Words)

MAADHYAM IAS

4. (अ) निम्नलिखित को विधिक उपबंध सहित स्पष्ट कीजिए :
(i) मातहत स्वामी
(ii) लगान अदा करने की किश्त (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(ब) सीर के काश्तकार के लिए मध्यवर्ती के भूमि का अभिलिखित होना आवश्यक है, इसके आधार पर 'सीर' के कुछ उपबंध महिला, अवयस्क, पागल और भारतीय संघ सैनिक आदि पर लागू नहीं हैं । इस विषय में विधिक उपबंध का विवरण दीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(स) घोषणा पाने के अधिकार की विधिक सीमायें हैं, फिर भी इसका स्थान विधि में सुदृढ़ है । इस कथन का विधिक परीक्षण करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(a) Explain the following with legal provisions :
(i) Under Proprietor
(ii) Instalment for payment of rent (Words limit: Maximum **100** Words)

(b) For the tenants of 'Sir' it is necessary that, every tenant of land should be recorded, on the ground of this, some provisions of 'Sir' are not applicable on women, minor, lunatic and a person in military etc. Describe the legal provisions on this matter. (Words limit: Maximum **100** Words)

(c) Right to get declaration have legal limitations, even its scope in law is very strong. Legally examine this statement. (Words limit: Maximum **100** Words)

5. (अ) 'अधिवासी' भूमि विधि में परिभाषित है, इसके द्वारा कब्जा प्राप्त करने के उपबंध भी स्पष्ट हैं; परन्तु इस विषय पर विवाद जटिल हैं । ऐसे विवादों की समीक्षा कीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **150** शब्द) **15**

(ब) उत्तर प्रदेश जमींदारी उन्मूलन तथा भूमि सुधार अधिनियम के अन्तर्गत अनुसूचित जनजाति के जोत के अतिक्रमणी को बेदखल करने की विधिक प्रक्रिया के अनुपालन में विवाद है । इसके लिए न्यायालयों ने लोक कल्याणकारी निर्णय दिये हैं । समीक्षा करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **150** शब्द) **15**

(a) 'Adhivasi' is defined under land law, to take the possession by him is also clear; but dispute on this matter are serious. Comments over these disputes. (Words limit: Maximum **150** Words)

(b) To follow the procedure for the ejectment of land grabber of Scheduled Tribes under UPZA and LR Act are disputed. The courts has delivered welfare judgements in this regard. Comment. (Words limit: Maximum **150** Words)

## खण्ड – ब / Section – B

6. (अ) 'आन्वयिक दायित्व' के सिद्धान्त की विवेचना कीजिए । 'सामान्य आशय' और 'सामान्य उद्देश्य' में अन्तर स्पष्ट करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **200** शब्द) 20

(ब) 'एकान्त परिरोध' से आप क्या समझते हैं ? भारतीय दण्ड संहिता के अन्तर्गत एकान्त परिरोध की अवधि की चर्चा करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10

(स) ख को मिथ्या साक्ष्य देने के लिए क उकसाता है । ख उस उकसाहट के परिणाम-स्वरूप, वह अपराध करता है । क ने कौन सा अपराध किया ? क और ख के दण्ड में क्या अन्तर होगा ? समझाइये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10

(a) Discuss the principle of "Constructive liability". Distinguish between common intention and common object. (Words limit: Maximum **200** Words)

(b) What do you understand by solitary confinement ? Discuss the limit of solitary confinement under Indian Penal Code. (Words limit: Maximum **100** Words)

(c) 'A' instigates B to give false evidence. B in consequence of this instigation, commits that offence. What offence has been committed by 'A' ? What will be the difference of punishment between A and B ? Elucidate. (Words limit: Maximum **100** Words)

7. (अ) स्थानांतरित विद्वेष के सिद्धान्त की आलोचनात्मक विवेचना कीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10

(ब) 'य' एक विनिमय-पत्र पर अपने हस्ताक्षर इस आशय से करता है कि यह विश्वास कर लिया जाए कि वह विनिमय-पत्र उसी नाम के किसी अन्य व्यक्ति द्वारा लिखा गया था । क्या 'य' किसी अपराध के लिए जिम्मेदार है ? विधिक उपबंध सहित स्पष्ट करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10

(स) 'य' यह सम्भाव्य जानते हुए कि वह सात माह की गर्भवती स्त्री की मृत्यु कारित कर दे, ऐसा कार्य करता है, जो यदि उससे उस स्त्री की मृत्यु कारित हो जाती है, तो वह आपराधिक मानववध की कोटि में आता । उस स्त्री को क्षति होती है, किन्तु उसकी मृत्यु नहीं होती, किन्तु तद्द्वारा उस अजात सात माह के शिशु की मृत्यु हो जाती है, जो उसके गर्भ में है ।
'य' किस अपराध का दोषी है ? विस्तारपूर्वक समझाइये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10

(a) Critically discuss the doctrine of transferred malice. (Words limit: Maximum **100** Words)

(b) 'X' signs his own name to a bill of exchange intending that it may be believed that the bill was drawn by another person of the same name. Whether 'X' is liable for any offence ? Explain with legal provisions. (Words limit: Maximum **100** Words)

(c) 'X' knowing, that he is likely to cause the death of a 7 month pregnant woman, does an act which, if it caused the death of the woman, would amount to culpable homicide. The woman is injured, but does not die; but the death of an unborn 7 month child with which she is pregnant is thereby caused.
What offence 'X' committed ? Explain in detail. (Words limit: Maximum **100** Words)

8. (अ) "मेकनॉटन नियम काफी पुराना है, फिर भी यह जीवित है ।" भारतीय न्यायालयों ने इस नियम को भारतीय दण्ड संहिता में उल्लिखित विधि को लागू करने के लिए प्रासंगिक माना है । विवेचना करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10

(ब) राजद्रोह को संहिता में 1870 में अन्तःस्थापित किया गया, पुनः 1891 में संशोधित किया गया । हाल ही में न्यायालय ने राजद्रोह की विधिक और सांविधानिक विवेचना में अभिमत व्यक्त किया है । उपर्युक्त सभी को मद्देनज़र रखते हुए, राजद्रोह के पक्ष और विपक्ष में तर्क दीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) 10



MADHYAM IAS
'way to achieve your dream'

(स) 'य', एक सात (7) वर्ष की लड़की अपने घर में सो रही है । 'र' एक 19 वर्ष का लड़का उसके घर में प्रवेश करता है और सोई हुई लड़की की पैन्ट उतार देता है और वहाँ से चला जाता है । क्या 'य' किसी अपराध के लिए जिम्मेवार है ? स्पष्ट करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(a) "McNaughton rule is very old, still it is alive." Indian courts, recognize the relevancy of this rule for the application of it, as prescribed in Indian Penal Code. Discuss. (Words limit: Maximum **100** Words)

(b) Sedition was added to the Code in 1870, again amended in 1891. Recently court has also expressed its views on the legality and constitutionality of sedition. Keeping in view of the above, express your arguments in for and against of the sedition. (Words limit: Maximum **100** Words)

(c) 'X', a girl child of 7 years is sleeping in her house. 'Y', a boy of 19 years enters her house and removes her trouser and left the place. Whether 'Y' is liable for any offence ? Explain. (Words limit: Maximum **100** Words)

9. (अ) अम्ल आदि का प्रयोग करके स्वेच्छया घोर उपहति कारित करने के लिए प्रयत्न अपराध की तृतीय अवस्था है । दोनों (कारित करना और प्रयत्न) अपराधों के दण्ड में भी अन्तर है । इस सन्दर्भ में अपराध के आशय या ज्ञान की विवेचना कीजिये । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(ब) 'अ', जो एक लुहार है, डर के कारणवश डाकुओं के टोले में शामिल हो जाता है । वह उनके आदेश पर एक घर का ताला तोड़ता है जिससे डाकू उस घर में घुसते हैं तथा लूटते हैं । क्या 'अ' ने कोई अपराध किया ? कारण सहित स्पष्ट करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(स) भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302/149 के अन्तर्गत छः व्यक्तियों को आरोपित किया गया था, तीन व्यक्तियों को विचारण न्यायालय ने दोषमुक्त कर दिया और बाकी तीनों को भारतीय दण्ड संहिता की धारा 302/34 के अन्तर्गत दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई । इस दोषसिद्धि का विधिक परीक्षण कीजिए । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **10**

(a) Attempt is the third stage of offence for committing voluntary grievous hurt by using the acid etc. Punishment for both (commission and attempt) the offences are different. In the light of this offence, elucidate the intention and knowledge.
(Words limit: Maximum **100** Words)

(b) A, who is a black smith, out of fear joins the gang of dacoits. On their order, he breaks open the lock of a house and decoits enter in that house and plunder it. Whether A has committed any offence ? Explain with reasons.
(Words limit: Maximum **100** Words)

(c) Six persons were charged under Section 302/149 of Indian Penal Code, three persons were acquitted by the trial court and remaining three convicted under Section 302/34 of the Indian Penal Code and awarded life imprisonment. Legally examine the validity of this conviction. (Words limit: Maximum **100** Words)

10. (अ) आपराधिक अभियोजन में मत्तता किस सीमा तक एक बचाव है ? भारतीय दण्ड संहिता के सुसंगत उपबंधों सहित कथन को स्पष्ट करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **150** शब्द) **15**

(ब) हाल ही में भारत के उच्चतम न्यायालय ने सुब्रमण्यम स्वामी बनाम भारत संघ, याचिका संख्या (अपराध) 184 ऑफ 2014, मानहानि की सांविधानिक वैधता को अभिनिर्धारित किया, लेकिन अभी भी यह बहस है कि मानहानि के अन्तर्गत अपराध को समाप्त कर देना चाहिए । आलोचनात्मक परीक्षण करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **150** शब्द) **15**

(a) To what extent intoxication is a defence in criminal prosecution ? Explain this statement with relevant provisions of Indian Penal Code.
(Words limit: Maximum **150** Words)

(b) Recently Supreme Court of India upheld the Constitutional validity of defamation in Subramaniam Swami V Union of India, Writ Petition (Criminal) No. 184 of 2014 but still there is a debate that criminalization under defemation should be abolished. Critically examine.
(Words limit: Maximum **150** Words)



MAADHYAM IAS